संख्या-10/2015/217/84-1-24बामा(बजट)/2010

प्रेषक,

नेकपाल वर्मा,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 24 मार्च, 2015

विषय- प्रदेश में जनपद महाराजगंज, कौशाम्बी, चन्दौली, श्रावस्ती तथा बागपत कुल 5 जनपदों में वरिष्ठ निरीक्षक कार्यालय/कार्यमानक प्रयोगशालाओं की स्थापना ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-673/निविमावि-लेखा-7(25) मॉग/2014-15, दिनॉक 19.05.2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि महाराजगंज, कौशाम्बी, चन्दौली, श्रावस्ती तथा बागपत कुल 5 जनपदों में वरिष्ठ निरीक्षक कार्यालय/कार्यमानक प्रयोगशालाओं की स्थापना करते हुये इस विभाग हेतु विभागीय मानक के अनुसार आवश्यक संलग्न सूची के अनुसार कुल 30 पदों के सृजन पर तालिका में अंकित पदों के सम्मुख अंकित वेतनमानों में श्री राज्यपाल महोदय 29 फरवरी 2016 तक के लिये सृजित किये जाने की इस शर्त के साथ स्वीकृति प्रदान करते है कि उक्त सृजित पदो को बिना किसी पूर्व सूचना के उक्त तिथि से पूर्व ही समाप्त न कर दिया जाये।

2- उक्त पदों पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 की आय-व्ययक की अनुदान संख्या-21 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष 3475-अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें-आयोजनेत्तर-106-भार और माप का विनियमन-03-अधिष्ठान व्यय के अन्तर्गत सुसंगत मानक मदो में डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या- ई-7/212(2)/दस-2015, दिनॉक 24 मार्च, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोपरि

भवदीय,

नेकपाल वर्मा
संयुक्त सचिव।

संख्या-10/2015/217(1)/84-1-2015-तद्दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- संबंधित जनपदों के मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी उ0प्र0।
3- संबंधित जनपदों के सहायक नियंत्रक/उपनियंत्रक उ0प्र0।
4- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7
7- खाद्य एवं रसद अनुभाग-3
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

कुलदीप कुमार रस्तोगी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

प्रत्येक जनपद हेतु वरिष्ठ निरीक्षक कार्यालय/कार्यमानक प्रयोगशाला हेतु सृजित आवश्यक पदों की सूची।

क्र0सं0	पदनाम	मानक के अनुसार स्वीकृत पद	कुल सृजित पद	वेतनमान/ग्रेड पे
1	2	3	4	5
1	वरिष्ठ निरीक्षक	1	5	9300-34800 ग्रेडपे 4600
2	निरीक्षक	1	5	9300-34800 ग्रेडपे 4200
3	वरिष्ठ सहायक	1	5	5200-20200 ग्रेडपे 2800
4	प्रयोगशाला परिचर	1	5	सेवा प्रदाता के माध्यम से
5	सन्देशवाहक	1	5	सेवा प्रदाता के माध्यम से
6	प्रहरी	1	5	सेवा प्रदाता के माध्यम से
	योग-	6	30	

कुलदीप कुमार रस्तोगी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।